>

Title: Need to ensure adequate supply of power to farmers in Uttar Pradesh particularly in Siddharth Nagar district of the State-laid.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): मानसून समय से न आने के कारण उ0प्र0 में किसानों की खरीफ की फसल पर भारी प्रभाव पड़ा है। धान की फसल 50 प्रतिशत से अधिक प्रभावित हुई है, ऐसे में राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में 14 घंटे विद्युत आपूर्ति के सरकारी मानक के विपरीत अघोषित विद्युत कटौती ने किसानों की बची आशाओं पर और पानी फेर दिया है। किसानों की हितैषी केन्द्र सरकार ने उनके समक्ष उत्पन्न संकट के लिए आपात योजना तैयार कर समाधान का प्रयास किया, किंतु उत्तर प्रदेश राज्य में विद्युत अनापूर्ति का संकट बना हुआ है। किसानों के इस संकट हेतु राज्य से कोई समाधान योजना भी नहीं चल रही है। सिद्धार्थ नगर जिले के बांसी कस्बे में 20 जून, 2008 को विद्युत उपभोक्ताओं ने सरकारी मानक के अनुरूप बिजली आपूर्ति की मांग की है। अतः मैं केन्द्र सरकार द्वारा प्रभावित किसानों के लिए तैयार की गई आपात योजना को उ0प्र0 में लागू किये जाने की मांग करता हूं।